समाचार

# दर्री जोन के विभिन्न वार्डो को मिली पौने 02 करोड़ रू. के विकास कार्यो की सौगात

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया कार्यो का भूमिपूजन)




कोरबा 09 मार्च 2019—नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डो को आज लगभग पौने 02 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात दी गई, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन सभी वार्डो के उक्त विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 43 राजीवनगर में 03 लाख 85 हजार रूपये की लागत से सार्वजनिक सांस्कृतिक मंच का निर्माण, वार्ड क्र. 43 अंतर्गत संजयनगर गर्म पानी बस्ती के समीप रिटर्न कैनाल में 03 लाख रूपये की लागत से पचरी का निर्माण, वार्ड क्र. 43 अंतर्गत 10 लाख 90 हजार रूपये की लागत से तीन नग आर.सी.सी. मंच का निर्माण, वार्ड क्र. 43 कलमीडुग्गू में 03 लाख 97 हजार रूपये की लागत से कलवर्ट का निर्माण, वार्ड क्र. 43 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 03 लाख 61 हजार रूपये की लागत से नाली रोड एवं प्रीकास्ट स्लेब का मरम्मत, वार्ड क्र. 43 संजयनगर गर्म पानी में 04 लाख 60 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. शेड का निर्माण, वार्ड क्र. 44 गायत्री मंदिर के समीप 10 लाख 92 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड क्र. 46 अंतर्गत अयोध्यापुरी मध्य चौक में 03 लाख रूपये की लागत से मंच, नाली एवं सी.सी.रोड निर्माण, वार्ड क्र. 46 अंतर्गत अयोध्यापुरी में 01 लाख 85 हजार रूपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन मरम्मत व बाउण्ड्रीवाल निर्माण, वार्ड क्र. 46 अंतर्गत अयोध्यापुरी बस्ती में विभिन्न स्थानों पर 03 लाख 53 हजार रूपये की लागत से नाली एवं रोड मरम्मत, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी चोरभट्ठी में 48 लाख रूपये की लागत से डामरीकरण कार्य, वार्ड क्र. 46, 51, 52 अंतर्गत दर्री जोन में 14 लाख 78 हजार रूपये की लागत से एस.एल.आर.एम.सेंटर के पास एप्रोच रोड का निर्माण, वार्ड क्र. 47 अंतर्गत जमनीपाली मेन रोड से सभा भवन तक 13 लाख 63 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण किया

जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 51 अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेलनगर में 03 लाख 60 हजार रूपये की लागत से सीवर लाईन एवं चैम्बर का मरम्मत कार्य, वार्ड क्र. 51 अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेलनगर में 03 लाख 65 हजार रूपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली, रोड एवं प्रीकास्ट स्लेब का मरम्मत, वार्ड क्र. 51 अंतर्गत जमनीपाली बस स्टैण्ड के पास ग्रीन पार्क होटल के सामने 05 लाख रूपये की लागत से महिला एवं पुरूष मूत्रालय का निर्माण, वार्ड क्र. 53 अंतर्गत टांगामार स्थित प्राईमरी एवं मीडिल स्कूल का 03 लाख 63 हजार रूपये की लागत से मरम्मत कार्य, वार्ड क्र. 53 दर्रीखार पार्षद निवास से पूर्व माध्यमिक शाला टांगामार एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंच मार्ग में 14 लाख 34 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण, वार्ड क्र. 53 दर्रीखार अंतर्गत रेत खदान के समीप 07 लाख 88 हजार रूपये की लागत से दो कक्ष का निर्माण, वार्ड क्र. 55 अंतर्गत बलगी मैदान के समीप 04 लाख 33 हजार रूपये की लागत से शेड का निर्माण तथा वार्ड क्र. 55 बलगी में 12 लाख 21 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। आज विभिन्न वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन किया, उन्होने इस हेतु विधिवत पूजन अर्चन किया तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्यो का शुभारंभ करवाया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुरंत कार्य प्रारंभ कराए कार्यो को समयसीमा में पूरा करें तथा कार्य संपादन के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य इस्माईल कुरैशी, सुनील पटेल, विनीत एक्का, पार्षद वीरसायं धनुवार, मस्तुल सिंह कंवर, अंतराम प्रजापति, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री संगीता सक्सेना, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सपना चौहान, बनवारी आदित्य, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मो.जाकिर, सिंकदर मेमन, मनीराम साहू, विमला कंवर, विनोद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रमेशदास आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।